हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 30 अगस्त 2025

11 दिव्यांगजनों को भेंट की मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल...


12 खेलों से हमारे जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना ...


**खबर संक्षेप**

### रेवन्यू पटवारी व कानूनगो की बैठक आयोजित

**भिवानी।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर मांगों को लेकर ओल्ड हाउस स्थित पटवार घर में विरोध बैठक आयोजित की। दी रेवन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के राज्य उप प्रधान विकास राठी ने बताया जिसमें आठवें वेतन आयोग का गठन करने,समान काम के लिए समान वेतन, पुरानी पेंशन बहाली, खाली पदों पर नियम से नियमित भर्तियां, निजीकरण पर रोक आदि मांगें शामिल हैं। बैठक की अध्यक्षता तहसील प्रधान विक्रांत ने की।

### पूर्व पार्षद की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर 10 को

**भिवानी।** नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा दादरी गेट के पास न्यू हाउसिंग बोर्ड के पास स्थित स्वामी जीतू पतित पावन पाठशाला में पार्षद विनोद प्रजापति के पिता एवं पूर्व पार्षद जगदीश ठेकेदार की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर बुधवार सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ होगा। संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी ने बताया कि इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के मुख्य मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक घनश्याम सर्राफ और नप के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी विशिष्ट अतिथि होंगे। संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने 16 शिकायतों में से 12 का मौके पर ही समाधान किया

# अधिकारी लोगों की शिकायतों के समाधान को दें प्राथमिकता

**लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालय के चक्कर ना लगाने पड़े**

*दिल्ली बाईपास निवासी महावीर सिंह ने कहा कि 15 माह से बिजली का बिल नहीं मिल रहा, बार -बार शिकायत करने पर भी सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। इकट्ठा 15 का बिल कैसे भरा जाएगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

सभी विभागों के अधिकारी सुनिश्चित करें कि लोगों की शिकायतों के समाधान के कार्य को प्राथमिकता दें। नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालय के चक्कर ना लगाने पड़े। विभागों की कमी के चलते ही मजबूरी में लोगों का उच्च स्तर पर शिकायत करनी पड़ती हैं। सभी अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में यह बात कही। कृषि मंत्री ने रखी गई 16 शिकायतों में से 12 का मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने कहा कि कार्य नहीं होने पर ही लोगों को मजबूरी में शिकायत करनी पड़ती है। अधिकारी सुनिश्चित करें कि शिकायतों का निवारण उनके स्तर पर ही हो जाए। लोगों को चक्कर काटने की जरूरत ना पड़े। विभागों की कमी के चलते लोगों को परेशानी होती है। सभी विभाग अपनी कार्यशैली में सुधार करें और लोगों को राहत प्रदान करें।

शहर के दिल्ली बाईपास निवासी महावीर सिंह ने शिकायत थी कि मई 2024 से उन्हें बिजली बिल प्राप्त नहीं हुआ है और अगस्त 2024 से अब तक शिकायत कर रहे हैं। बार बार आश्वासन दिया जाता कि अगले महीने से बिल आ जाएगा, लेकिन अभी तक उनको बिजली के बिल मिलने शुरू नहीं हुए हैं। ऐसे में अगर 15 महीने का बिजली बिल एक साथ आता है तो वे उसे भरने में असमर्थ हैं। इस पर मंत्री ने कड़ा संज्ञान लेते हुए कहा कि बिजली विभाग कमी के कारण शिकायतकर्ता को परेशानी हुई है। ऐसे में सप्ताह के अंदर उन्हें बिल उपलब्ध करवाएं और बिल में देरी के कारण किसी भी प्रकार का अतिरिक्त चार्ज ना हो। साथ ही प्रार्थी किस्तों में बिल भरने की अनुमति दें। दादरी निवासी सत्यवंति ने अस्थाई मीटर के भरे हुए बिल की राशि को समायोजित करने या वापस दिलाने की शिकायत रखी, जिस पर मंत्री ने एसडीएम को मामले की जांच करने के निर्देश दिए हैं।



**चरखी दादरी।** जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में समस्या सुनते मंत्री।

- सभी विभाग अपनी कार्यशैली में सुधार करें और लोगों को राहत प्रदान करें
- विधायक उमेद पातुवास ने शिकायत का समर्थन किया

### फर्जी डीड का मामला जाएगा एसीबी के पास

दिनेश कुमार वशिष्ठ द्वारा फर्जी डीड को लेकर की गई शिकायत पर मंत्री ने कहा कि इस मामले में करवाई गई जांच में हर बार गलती साबित हुई है। ऐसे में मामला एसीबी को भेजा जाए ताकि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। स्थानीय स्तर पर मामले में जो कार्रवाई बनती है वो समानांतर चलती रहे। अवैध कॉलोनियों को लेकर रखी शिकायत पर उन्होंने संबंधित विभागों का कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कालोनी काटना अपराध नहीं है। बशर्ते इसके लिए नियमों के तहत अनुमति ली गई हो। इस शिकायत पर विधायक उमेद पातुवास ने कहा कि अवैध तौर पर काटी जाने वाली कालोनियों में प्लाटों की रजिस्ट्री को बैन किया जाए। ऐसे भू माफियाओं पर कार्रवाई करें। दोषी अधिकारियों पर भी कार्यवाही हो। लोगों को परेशानी ना आए। सरकार की पॉलिसी के अनुसार नियमों को पूरा करने वाली कालोनियों को वैध किया जाता है।

### रास्ता व अवैध खनन की एडीसी की कमेटी करेगी जांच

पिचौपा कलां के नागरिकों ने शिकायत रखी गई कि उनके गांव में माइनिंग कंपनी अवैध रूप से खनन कर रही है और एक रास्ते का भी हटा दिया गया है। विधायक उमेद पातुवास ने भी शिकायत का समर्थन किया और कहा कि मामले की जांच होनी चाहिए। इसपर मंत्री ने कहा कि मामले की जांच के लिए एडीसी डा. मुनीष नागपाल की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की जाए। उसमें डीआरओ व एमओ भी हों। ये कमेटी अगली बैठक तक शिकायत की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

**गांव छपार में रात्रि ठहराव कार्यक्रम**

# गांव की हालत सुधारने वाली पंचायतें होंगी सम्मानित


**चरखी दादरी।** रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों की समस्या सुनते डीसी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

गांव में सार्वजनिक कार्यों के लिए प्रत्येक नागरिक को सक्रियता के साथ सहयोग करना चाहिए और गांव में साफ सफाई, पानी निकासी व स्वच्छ पेयजल आदि पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जिला प्रशासन की ओर से सौंदर्यीकरण एवं साफ सफाई को लेकर बेहतरीन कार्य करने वाली ग्राम पंचायत को पुरस्कृत किया जाएगा।

उपायुक्त मुनीश शर्मा ने छपार गांव में आयोजित रात्रि ठहराव के दौरान यह बात कही। उन्होंने विभिन्न विभागों की कुल 45 शिकायतों को सुना और 19 का मौके पर ही समाधान करवाया। शिकायतें सुनते हुए उपायुक्त ने लोगों से अपील की कि गांव के सार्वजनिक कार्यों के लिए सभी नागरिकों को सामूहिक तौर पर सक्रियता के साथ काम करने चाहिए और मूलभूत सुविधाओं के प्रति सजग रहना चाहिए। साथ ही सभी लोगों को गांव में साफ सफाई, पानी निकासी व स्वच्छ पेयजल आदि पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सौंदर्यीकरण एवं साफ सफाई को लेकर बेहतरीन कार्य करने वाली ग्राम पंचायत को प्रशासन की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा।

### विकास से जुड़े ग्रामीणों के सुझावों को भी सुना

उपायुक्ता ने कहा कि हसरकार की सुशासन की अवधारणा को धरातल पर उतारने की दिशा में जिला प्रशासन की ओर से रात्रि ठहराव कार्यक्रम का प्रत्येक माह आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छपार गांव में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां उपायुक्त व एसपी अर्श वर्मा ने न केवल ग्रामीणों की समस्याएं सुनी बल्कि गांव के विकास से जुड़े ग्रामीणों के सुझावों को भी सुना। उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं जैसे सड़क, जल निकासी, फसल बीमा, बिजली आदि पर खुलकर चर्चा की।

### सावनु की फसल में नुकसान का दावा करने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खुला

**तोशाम।** एसडीएम रवि मीणा (आईएएस) ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के हित में एक बड़ा अहम कदम उठाया गया है। प्राकृतिक आपदाओं या अपरिहार्य कारणों से सावनु/खरीफ 2025 की फसलों की क्षति/नुकसान का दावा दर्ज कराने के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को 10 सितंबर 2025 तक खोला है। हाल ही में भारी बारिश और जलभराव से प्रभावित हुए गांवों के किसानों को इस पोर्टल के माध्यम से अपनी फसलों के खराबे की जानकारी दर्ज करने की सुविधा दी गई है। उन्होंने बताया कि उपमंडल के प्रभावित गांवों के किसानों के लिए पोर्टल सक्रिय कर दिया गया है।किसान अपनी फसलों की क्षति/नुकसान संबंधी जानकारी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे अपनी खरीफ फसल की क्षति का पंजीकरण समय रहते पोर्टल पर अवश्य दर्ज कराएं, ताकि उन्हें सरकार की इस योजना का पूरा लाभ समय पर मिल सके। पोर्टल पर दर्ज किए गए सभी दावों का राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा विशेष गिरदावरी के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद आकलन रिपोर्ट के आधार पर मानक निर्धारित मुआवजा किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

# बाप-बेटे सहित पांच लोगों ने रक्तदान कर बचाई मरीज की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रक्तदान से बढ़कर न कोई पुण्य और न ही कोई मानव धर्म। आपात स्थिति में जब अपने रक्त से किसी की जिंदगी बचती है तो उस व्यक्ति की कई पीढ़ियों के भावात्मक आशीर्वाद का पुण्य रक्तदाता को मिलता है। इसी कड़ी में दो अस्पतालों में अलग-अलग ब्लड ग्रुप की जरूरत होने पर घुसकानी से बाप बेटा जयभगवान व अनिल, भिवानी से अमरजीत सिंह, प्रदीप गोयल व राजेश बिंदल ने निःस्वार्थ ब्लड डोनेट किया।

इस अवसर पर शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि अब वायरल इंफेक्शन का समय है और इस समय ब्लड की सख्त जरूरत होती हैं, युवा साथियों से निवेदन है कि रक्तदान करें, ताकि रक्त की पूर्ति होती रहे। उन्होंने बताया की रक्तदान सबसे बड़ा दान होता है सबको एक साल में कम से कम चार बार रक्तदान करना चाहिए, जिससे किसी जरूरतमंद की जान बच सकती है। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन योगेश जांगड़ा, कविता, केशव, अजय कुमार ने रक्तदाताओं का आभार जताया।


**भिवानी।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## आपातकालीन स्थिति में पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने निभाया मानवता का फर्ज, किया रक्तदान

**भिवानी।** चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल में खून की तत्काल जरूरत पडऩे पर पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की। ट्रस्ट के सदस्यों ने समय पर रक्तदान करके एक मरीज की जान बचाई और यह साबित किया कि जरूरत के समय किया गया सहयोग ही सच्ची सेवा है। पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने बताया कि चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल से ट्रस्ट को मरीज के लिए आपातकालीन रक्त की सूचना मिली। इस सूचना पर वे गांव दिनोद निवासी विनोद कुमार और कोंट निवासी पवन कुमार के साथ अस्पताल पहुंचे तथा बिना देर किए तीनों ने रक्तदान किया और जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचाने में अहम भूमिका निभाई। संभ्रवाल ने कहा कि जरूरत के समय किसी जरूरतमंद व्यक्ति के काम आना ही सच्ची मानवता है।



### चरखी दादरी में भगवान परशुराम सभागार का होगा भव्य उद्घाटन

**चरखी दादरी।** भगवान परशुराम के आशीर्वाद से पुराना शहर के श्यामसर तालाब नजदीक स्थित ब्राह्मण भवन परिसर में नवनिर्मित भगवान परशुराम सभागार का भव्य उद्घाटन समारोह रविवार 31 अगस्त को होगा। इसे पूरी तरह से सफल बनाने के लिए लगातार नूतन ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी जनसंपर्क के माध्यम से निमंत्रण दे रहे है। इसी कड़ी में सांवड, सांजरवास, मिसरी, कमोद, डूडीवाला, बिजणा आदि शहर के विभिन्न वार्ड वार्डों में पहुंचे व 31 तारीख को बड़े उल्लास से उद्घाटन समारोह में शिरकत करने का निमंत्रण दिया। कोषाध्यक्ष नूतन सभा ब्राह्मण मास्टर रविंद्र वशिष्ठ ने बताया कि बतौर मुख्यतिथि कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायय सुनील सतपाल सांगवान द्वारा की जाएगी। आयोजन शशिकांत भारद्वाज, प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी नूतन ब्राह्मण सभा, ब्राह्मण भवन चरखी दादरी द्वारा किया जा रहा है। वहीं विशिष्ट अतिथि चीफ कोऑर्डिनेटर एचएसआईआईडीसी सुनील शर्मा डूडीवाला तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश शर्मा बंटी शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि भवन उद्घाटन प्रातः सवा ग्यारह बजे होगा। दोपहर सवा एक बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# बारिश से लुढक पारा,गर्मी व उमस से मिला छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शुक्रवार सुबह से लेकर दोपहर तक जबरदस्त गर्मी व उमस ने लोगों को परेशान किए रखा। दोपहर बाद कई इलाकों में जोरदार बारिश हुई। जलभराव वाले इलाकों के लिए आसमान से करीब एक घंटे तक आफत बरसी। वहीं खुश्क इलाकों के लिए बारिश से फसलों में फायदा होगा,लेकिन जिन इलाकों में पहले से ही जलभराव है। उन इलाकों के किसानो की हार्टबीट बढी हुई है। चूंकि अगर थोड़ी सी भी बारिश हो गई तो उन खेतों में खरीफ फसल तो खत्म हो गई,लेकिन रबी फसल की बिजाई भी नहीं हो पाएगी। जिसको लेकर किसानों में जबरदस्त चिंता बनी है।

शुक्रवार सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त सूर्य देव की तपिश चहुओर पहुंच रही थी। उसके बाद धीरे धीरे दिन चढना शुरू हुआ। उसी हिसाब से गर्मी ने भी अपने तेवर दिखाने आरंभ कर दिए। दोपहर तक पारा 33 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को पार गया। गर्मी व उमस से लोग परेशान हो गए। दोपहर बाद अचानक आसमान में काले बादल छाने लगे। कुछ देर बाद आसमान से पानी बरसना शुरू हुआ। कई जगहों पर तो तेज तो कहीं पर धीमी गति से पानी बरसा। करीब एक घंटे तक बारिश का इसी तरह का सिलसिला जारी रहा। उसके बाद बारिश पर विराम लगा। बारिश की वजह से पारा 30 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। लोगों को गर्मी व उमस से पूरी तरह से राहत मिल गई।


**भिवानी।** ग्रामीण इलाके में जमा बारिश के पानी को चिर कर निकलता दोपहिया वाहन चालक।

### जलभराव वाले इलाके के लिए आसमान से बरसी आफत

जिन इलाकों में पहले से बारिश का पानी जमा है। उन इलाकों में जरा सी भी बारिश आफत से कम नहीं है। कई इलाकों में आज जोरदार बारिश हुई। जिसके चलते जलभराव वाले इलाकों में फिर से पानी बढ गया। फसलें फिर से पानी में डूब गई। पिछले तीन चार दिनों से बारिश नहीं हो रही थी। जिसके चलते फसलों में जमा पानी कुछ कम हुआ था,लेकिन आज फिर हुई बारिश ने जमा पानी का स्तर को बढा दिया। बारिश का पानी बढ़ने से किसानों की हार्टबीट बढ़ने लगी।

### विधायक ने गांव बलियाली को दोहरी सौगात


**बवानीखेड़ा।** गांव बलियाली में लगभग 16 लाख की लागत से बनने वाले रामलीला स्टेज की नींव रखते हुए विधायक कपूर वाल्मीकि।

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा हल्के के गांव बलियाली में लगभग 16 लाख की लागत से बनने वाले रामलीला स्टेज की नीवं रखी गई। जिसमें अहम भूमिका विधायक कपूर वाल्मीकि ने अदा की। वे स्वयं गांव के सरपंच सचिन सहित अनेक समाजसेवियों सहित पहुंचे और इसकी नींव रखी। गांव में यह सांस्कृतिक धरोहर बनने से ग्राम वासियों में खुशी की लहर है। साथ ही, गांव की गौशाला कमेटी को 7 लाख 67 हजार की राशि का चेक भेंट कर गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। ग्राम सरपंच सचिन ने बताया कि धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक उत्थान के लिए ऐसे कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। वहीं विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि वे हलके के हर गांव में विकास की गंगा बहाने का कार्य करेंगें।


**भिवानी।** मांगों को लेकर एकत्रित कर्मचारियों को संबोधित करता एक वक्ता।

# ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- 8वें वेतन आयोग को लागू करने के अपने चुनाव वायदे को पूरा करने से पीछे हट रही है सरकार : अशोक गोयत
- घोषण के सात महीने बीत जाने के बाद भी 8वें वेतन आयोग की अधिसूचना नही की गई जारी : रविंद्र यादव

ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की व सब यूनिट ने सरकार द्वारा 8वें केंद्रीय वेतन आयोग का गठन ना करने के विरोध सहित अन्य मांगों को लेकर स्थानीय रेलवे रोड स्थित बिजली बोर्ड प्रांगण में गेट मीटिंग की तथा जोरदार प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने चुनावी फायदे के लिए घोषणाएं तो कर दीं, लेकिन अब उन्हें पूरा करने से पीछे हट रही है। गेट मीटिंग व प्रदर्शन की अध्यक्षता सब डिवीजन नंबर-2 के प्रधान शमशेर, सब डिवीजन नंबर-1 के प्रधान मनदीप, आपरेशन सिटी सब सिवीजन के प्रधान सतीश एएफएम ने की तथा मुख्य वक्ता के तौर पर यूनियन के राज्य सचिव लोकेश, सिटी यूनिट प्रधान रविंद्र यादव व सर्कल सचिव अशोक गोयत पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने आठवां वेतन आयोग लागू करो, के नारे लगाए। उनका कहना था कि अब और इंतजार नहीं किया जाएगा, और अगर सरकार ने जल्द कोई कदम नहीं उठाया, तो यह विरोध एक बड़े आंदोलन का रूप ले लेगा। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने इसी वर्ष 16 जनवरी को कैबिनेट बैठक में 8वें केंद्रीय वेतन आयोग की घोषणा की थी। यह वायदा किया गया था कि आयोग की सिफारिशें एक जनवरी 2026 से लागू हो जाएंगी। अब सात महीने बीत जाने के बाद भी आयोग की अधिसूचना जारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों के हक को लटकाकर उनके साथ अन्याय कर रही है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र की हत्या के लगाए आरोप

# वोट चोरी के खिलाफ प्रदर्शन, सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर वोट चोरी के आरोपों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए कस्बे के मुख्य क्रांतिकारी चौंक पर जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में बयान में दावा किया था कि हरियाणा समेत कई राज्यों में सुनियोजित तरीके से वोट चोरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र की बात नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ हो रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर पूरे हरियाणा में अभियान चलाएगी और जनता को सच से अवगत कराएगी। राहुल गांधी के आदेश और दिशा निर्देश की पालना करते हुए आज हरियाणा यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निशांत कटारिया के नेतृत्व में सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वोट चोरी मामले में युवाओं को जागरूक किया और भाजपा पार्टी पर वोट चोरी करके लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया। कटारिया ने कहा कि राहुल गांधी के दिशा निर्देश की पालना करते हुए पूरे प्रदेश में इस प्रकार की जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर पार्टी को मजबूत करने का काम किया जाएगा। पूर्व विधायक सोमबीर सिंह श्योराण ने मंच से जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है।



### ये रहे मौजूद

प्रदर्शन में कांग्रेस के युवा जिला अध्यक्ष दीपक सांगवान छपार, मोहित गोपालवास, पूर्व सरपंच सुरेश धनसारी, संदीप, आनंद वालिया सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय नेता शामिल हुए। प्रदर्शन में जनता की भागीदारी और समर्थन ने साफ कर दिया कि मुद्दा सिर्फ राजनीतिक स्टंट नहीं, बल्कि बड़ा जनआंदोलन बन सकता है। प्रदर्शन के बाद हरियाणा की राजनीति में गर्माहट बढ़ गई है। वोटिंग प्रक्रिया पर उठते सवाल, और विपक्ष की आक्रामकता संकेत दे रही है कि आगामी चुनाव बेहद संघर्षपूर्ण होने वाले हैं। इस अवसर पर रणधीर धिकाड़ा,पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी कर्णसिंह, सुरेश धनसारी, रणधीर कुंगड़, रामपाल धारणी, पूर्व बीडीसी सुनील मांढी, पूर्व चेयरमैन कृष्ण श्योराण, पूर्व सरपंच विजय फौजी, आनंद वालिया, युवा अध्यक्ष ढिल्लू आर्यनगर, संदीप ढाणी सुरजा, धर्मेंद्र लांबा, जगदीश, मुकेश, डॉ. नसीब भांडवा आदि मौजूद रहे।



छिपकली एक ऐसा जीव है, जिसका दिल एक मिनट में 1000 से ज्यादा बाद धड़कता है।



मच्छर पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक काटते हैं, क्योंकि उनकी त्वचा नरम होती है।



# बिजनेस को मैनेज करने के लिए सीखें अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर बिजनेस को सभी ट्रांजेक्शन सही तरीके से मेनटेन करने के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की जरूरत पड़ती है और आज के समय में बहुत सारे अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर है। जो हर बिजनेस को बेहतर तरीके से मैनेज कर सकते हैं और प्रोफिट और लॉस की रिपोर्ट तथा बिजनेस की बैलेंस सीट बनाने में भी मदद करते हैं। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से ही किसी भी दुकान या कंपनी के बिजनेस को सही तरीके से मैनेज किया जा सकता है। फिल्म के अकाउंट को मैनेज करने के लिए आपको एक सॉफ्टवेयर की जरूरत पड़ती है। आज के इस आर्टिकल में हम आपको अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की जानकारी देंगे।

## अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर

अकाउंट जिसे हिंदी में लेखा-जोखा कहा जाता है और अकाउंटिंग को लेखांकन के नाम से हिंदी में पुकारा जाता है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर ऐसे सॉफ्टवेयर जो अकाउंट के हिसाब को मेनटेन रखते हैं। जैसे प्रोफिट , लॉस, सेल, परचेज , एक्सपेंसिज, इंकम सबको मेनटेन करने का काम करते हैं उसे अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर कहते हैं। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग इनवोयस जनरेट के लिए भी किया जाता है। इसके अलावा किसी भी बिजनेस के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हैं तो उस अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर से तैयार किए गए डाटा की हर महीना या हर तिमाही जीएसटी फिलिंग के दौरान जरूरत पड़ती है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर से ही आपकी सेल कितनी हुई है और आपको कितना प्रोफिट हुआ है। इस बात का अंदाजा लगाया जाता है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग आज के समय में किया जा रहा है। छोटे बिजनेस वाले भी इस प्रकार के सॉफ्टवेयर का प्रयोग करके अपने बिजनेस के अकाउंट को पूरी तरह से मैनेज कर रहे हैं और अच्छे से सुरक्षित कर रहे हैं।

## क्यों है जरूरी

किसी भी कंपनी या किसी भी दुकान से संबंधित सभी फाइनेंसियल गतिविधियों को एक ही जगह पर मैनेज करके रखना और हर समय जरूरत पड़ने पर इस प्रकार की गतिविधि को ट्रेस करना या देखना यह सभी अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की वजह से ही संभव है। अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग बिजनेस में इसलिए किया जा रहा है। क्योंकि जिन लोगों का बड़ा काम है या कहने का मतलब है, जिन लोगों का सालाना टर्नओवर अधिक है। उन लोगों को हाथ से सब कुछ मेनटेन करने में बहुत ज्यादा समस्या होती है और हाथ से अकाउंटिंग मेनटेन करना काफी जटिल हो जाता है। अतः इसी बात को ध्यान में रखते हुए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जाता है और यह सॉफ्टवेयर जटिलता को कम करते हैं और कम समय में बहुत सारी सुविधाएं प्रदान कराते हैं।

## सबसे अच्छे अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर

अपने बिजनेस के लिए अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग हर कोई व्यक्ति करता है। लेकिन जो लोग अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर खरीदने के बारे में सोच रहे हैं या अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग करने के बारे में सोच रहे हैं। उन लोगों के मन में एक बात अवश्य होती है कि कौन सा अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर मेरी फर्म के लिए अच्छा रहेगा। तो हम आपको बेहतरीन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की जानकारी नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

## अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर के फायदे

- किसी भी दुकान या कंपनी के अकाउंट कार्य को इस सॉफ्टवेयर की मदद से बहुत आसान बनाया जा सकता है।
- अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से आपको सिर्फ एक एंट्री लेनी होती है। उसके पश्चात सारा कैलकुलेशन सॉफ्टवेयर के आधार पर ऑटोमेटिक किया जाता है।
- हर पार्टी का प्रति वर्ष का स्पेशल डाटा पूरा सॉफ्टवेयर की मदद से मिल जाता है। प्रत्येक पार्टी के साथ जितना लेनदेन हुआ है और कौन सी तारीख को हुआ है उसकी सारी जानकारी सॉफ्टवेयर में आपको आसानी से मिल जाती है।
- बुक के जरिए अकाउंट मेनटेन करते समय आपको किसी भी पार्टी की डिटेल निकालने में बहुत ज्यादा समय देने की जरूरत होती थी। लेकिन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से बिल्कुल कम समय में आप किसी भी पार्टी के पिछले कई सालों के अकाउंट की डिटेल आसानी से निकाल सकते हैं।
- बुक के जरिए अकाउंट मेनटेन करते समय आपको किसी भी पार्टी की डिटेल निकालने में बहुत ज्यादा समय देने की जरूरत होती थी। लेकिन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से बिल्कुल कम समय में आप किसी भी पार्टी के पिछले कई सालों के अकाउंट की डिटेल आसानी से निकाल सकते हैं।
- अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर की मदद से आप अपने डेटा को सुरक्षित भी कर सकते हैं। सुरक्षित करने के लिए आपको बैकअप का ऑप्शन मिलता है। इसके अलावा अधिकतर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में ऑटोमैटिक बैकअप सुविधा मिलती है।

## सबसे अच्छा सॉफ्टवेयर टेली प्राइम

आज के समय में बिजनेस में सबसे अधिक उपयोग होने वाला सॉफ्टवेयर टेली प्राइम है। हालांकि टेली प्राइम का पुराना नाम टेली था। जिसे टेली ईआरपी 9 में बदला गया। टेली नाम सबसे पहले बिना जीएसटी काम के लिए होता था। उसके पश्चात टेली सॉफ्टवेयर को अपग्रेड करके टेली ईआरपी 9 विद जीएसटी के साथ लांच किया और उसके बाद इसका नया वर्जन जो साल 2021 में टेली प्राइम के नाम से आया है। 90% बिजनेसमैन इसी सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हैं। क्योंकि यह सॉफ्टवेयर उपयोग करने में काफी आसान है और इस सॉफ्टवेयर की मदद से हर प्रकार का डाटा अच्छे तरीके से स्टोर करके रख सकते हैं।

### यह एक प्रतिष्ठित पद, कड़ी मेहनत से ही मिलती नौकरी

# बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो आरटीओ ऑफिसर बन चमका सकते हैं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आरटीओ अफसर एक प्रतिष्ठित पद होता है। इस पद को प्राप्त करने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। सरकारी नौकरी का नाम सुनते ही भविष्य में सुरक्षा नाम का शब्द और भी मजबूती लेकर आता है। अगर आप भी अपना बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो इसके लिए आप आरटीओ ऑफिसर बनने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको इसी बात की जानकारी देने जा रहे हैं कि आरटीओ अफसर क्या होता है। आपने अक्सर ही आरटीओ ऑफिसर के बारे में जरूर सुना होगा। अगर आपके घर में गाड़ी है या किसी के पास लाइसेंस है तो इस बात की जानकारी आपको अवश्य होगी। यह सरकारी विभाग होता है जो भारत सरकार के अंतर्गत ही आता है। यह विभाग मोटर वाहन से जुड़े अधिनियम के पालन देखने को रक्षा के लिए बनाया हुआ है। मोटर वाहन विभाग की स्थापना 1988 की धारा 213 के तहत की गई थी। यह पूरे देश में लागू एक केंद्रीय अधिनियम है। प्रत्येक राज्य और शहर में अपना ही एक आरटीओ कार्यालय होता है जहां पर सब की जिम्मेदारी अलग-अलग होती है।



### आरटीओ की फुल फॉर्म

आरटीओ की फुल फोर्म रिजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर होता है। जिसका हिंदी में मतलब होता है क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय। आरटीओ ऑफिसर वह ऑफिसर होता है जो इन सभी दफ्तर में एक अधिकारी के तौर पर काम करता है। हर ऑफिस के लिए अलग-अलग आरटीओ ऑफिसर नियुक्त किया जाता है। सरल भाषा में ऑफिसर को इंचार्ज भी कहा जा सकता है।

### आरटीओ के पद की रैंक

आरटीओ ऑफीसर ग्रेड बी का अधिकारी होता है। यह एक उच्च अधिकारी में सम्मिलित होता है जिसे अपने क्षेत्र के वाहन की जांच करने और वाहन से संबंधित सभी प्रकार के डॉक्यूमेंट की जांच करने का अधिकार प्राप्त होता है।

## वाहन जांच करने और चालान काटने का अधिकार





## आरटीओ ऑफिसर को करने पड़ते हैं ये काम

अगर आप भी आरटीओ ऑफिसर बनने की चाहत रखते हैं तो इसके लिए आपको इस बात की जानकारी रखना बहुत ही ज्यादा जरूरी है, कि आखिरकार आरटीओ ऑफिसर के क्या-क्या काम होते हैं। तो आइए आपको बताते हैं कि आरटीओ ऑफीसर क्या काम करता है।

**1. ड्राइविंग लाइसेंस :** आपने अक्सर ही ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में सुना होगा। जब किसी वाहन को चलाया जाता है तो उसको चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना बहुत ही ज्यादा जरूरी होता है। यह लाइसेंस आरटीओ डिपार्टमेंट के द्वारा ही मिलता है। ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कुछ ड्राइविंग के टेस्ट देने भी अनिवार्य होते हैं। जब हम इन टेस्ट में पास हो जाते हैं तभी हमारा लाइसेंस बनता है। यह काम आरटीओ ऑफिस में होता है।

**2. वाहन का रजिस्ट्रेशन :** जब कोई नया वाहन खरीदता है तो उस पर कानूनी आधार पर हक पाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होता है। बिना नंबर प्लेट के कोई भी गाड़ी चलाना गैरकानूनी माना जाता है। यह काम भी आरटीओ डिपार्टमेंट का ही होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ता है।

**3. प्रदूषण का टेस्ट :** आरटीओ टीम के द्वारा गाड़ियों का प्रदूषण लेवल भी टेस्ट किया जाता है, जिस वाहन में ज्यादा प्रदूषण होता है उनका लाइसेंस कैंसल कर दिया जाता है। समय-समय पर प्रदूषण का टेस्ट अनिवार्य होता है।

**4. बीमा :** अगर आप अपने वाहन का इंश्योरेंस करवाना चाहते हैं तो इसके लिए भी आपको आरटीओ डिपार्टमेंट में जाना ही जरूरी होता है। यह काम आरटीओ ऑफीसर के द्वारा ही किया जाता है। अगर आपको अपनी गाड़ी का बीमा करवाना है तो आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ेगा। यह सभी काम आरटीओ ऑफीसर को करने होते हैं। इसी के साथ आरटीओ ऑफीसर की पोस्ट भी अलग-अलग होती है लिए आपको उन सभी की जानकारी देते हैं।



## कैसे बन सकते हैं आरटीओ ऑफिसर

- गाड़ियों का पंजीकरण भारतीय सरकार के विभाग के द्वारा ही किया जाता है जिसे आरटीओ डिपार्टमेंट कहा जाता है। लेकिन आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए बहुत ही ज्यादा कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आइए आपको विस्तार में समझाते हैं कि आरटीओ ऑफिसर कैसे बन सकते हैं।
- आरटीओ ऑफीसर के लिए सीधा चयन नहीं होता है। इसके लिए आपको सबसे पहले आरटीओ या आईएमवी के पद पर चयनित होना पड़ता है। इसके कुछ सालों बाद ही आरटीओ के पद पर नियुक्ति होती है।

## क्या है जरूरी योग्यता

- सबसे पहले उम्मीदवार को 12वी पास होना अनिवार्य होता है।
- अगर आप इसमें और भी अधिक हाई पोस्ट प्राप्त करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन में पास होना अनिवार्य है।
- इस पद के लिए महिलाएं और पुरुष दोनों ही समान पूर्वक आवेदन कर सकते हैं।
- आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 साल है और अधिकतम आयु सीमा 30 साल है।
- ओबीसी उम्मीदवार के लिए 3 साल तक की छूट दी जाती है और एससी और एसटी के लिए 5 साल तक की छूट दी जाती है।
- बाकी सभी राज्यों की अलग-अलग आयु सीमा क्वालिफिकेशन अलग-अलग निर्धारित की जाती है।


## लिखित परीक्षा की जानकारी

- आरटीओ की जो लिखित परीक्षा होती है वह 2 घंटे की होती है। इसमें 200 अंक का पेपर जारी किया जाता है और उसी के अनुसार प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें निम्नलिखित सब्जेक्ट से संबंधित प्रश्न किए जाते हैं।
- आर्थिक और सामाजिक विकास
- पर्यावरण और पारिस्थितिकी
- भारत का इतिहास और भूगोल
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वर्तमान घटनाक्रम
- अंग्रेजी भाषा
- सामान्य विज्ञान

## शारीरिक परीक्षण

- लिखित परीक्षा पास करने के बाद फिजिकल टेस्ट होना भी अनिवार्य होता है। इसी के अनुसार नौकरी में पद निर्धारित किया जाता है।
- अगर आप सुरक्षा से संबंधित नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं तो इसके लिए फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट का मानक अलग-अलग होता है और अगर आप अन्य पद के लिए आवेदन कर रहे हैं तो उसका स्टैंडर्ड भी अलग होता है।
- फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट के द्वारा उसे विभागीय संस्था के योग्य और अयोग्य ही आपको घोषित किया जाता है और उसी के अनुसार आपको पद भी दिया जाता है। इसीलिए उम्मीदवार को उसमें भी उत्तीर्ण होना अनिवार्य होता है।
- फिजिकल टेस्ट चयन प्रक्रिया लड़की या लड़का माप तोल विभिनता के अनुरूप ही होता है जैसे की लंबाई सीना दौड़ इत्यादि सभी को निर्धारित करते हुए फिजिकल टेस्ट किया जाता है। पुरुष अभ्यार्थी के बजाएं महिला अभ्यर्थी को कुछ चीजों में छूट भी दी जाती है।

# यह देश हमारा है, शिक्षा हमारी दिशा और हम युवा इस देश का भविष्य



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आजादी का दिन हर भारतीय के दिल में एक खास जगह रखता है। अगस्त वह महीना है जब हमारा प्यारा भारत 1947 में आजाद हुआ, जब अनगिनत वीरों ने अपनी जान की बाजी लगाकर हमें स्वतंत्रता का अनमोल तोहफा दिया। यह दिन केवल झंडा फहराने या उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि उन बलिदानों को याद करने का है, जो हमें आजादी की सांस लेने का मौका दे गए। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि यह देश हमारा है, शिक्षा हमारी दिशा है, और हम युवा इस देश का भविष्य हैं। यह हमें याद दिलाता है कि यह देश हमारा है, और इसे संवारने की जिम्मेदारी भी हमारी है। शिक्षा हमारी दिशा है, जो हमें सही रास्ता दिखाती है, और हम युवा इस देश का भविष्य हैं, जो इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## यह देश हमारा है, इसे संजोएं

हमारा भारत एक ऐसा देश है, जिसकी मिट्टी में बलिदान, संस्कृति और प्रेम की कहानियां बसी हैं। स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने खून-पसीने से इस देश को आजाद कराया ताकि हम खुली हवा में सांस ले सकें। यह देश हमारा घर है, हमारी पहचान है, और हमारा गर्व है। इस देश को सिर्फ एक भौगोलिक सीमा न समझें, यह आपके सपनों, उम्मीदों और जिम्मेदारियों का प्रतीक है। हर बार जब आप अपने देश का झंडा लहराते देखें, तो अपने दिल में यह संकल्प लें कि आप इस देश को और सुंदर, समृद्ध और मजबूत बनाएंगे। यह देश आपका है, इसे प्यार करें, इसे संजोएं और इसके लिए कुछ करें।

**शिक्षाः हमारी दिशा, हमारी ताकत :** शिक्षा वह दीया है, जो अंधेरे को दूर करता है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने न केवल आजादी के लिए लड़ा, बल्कि एक शिक्षित और जागरूक भारत का सपना भी देखा। डॉ. भीमराव अंबेडकर, मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे महानायकों ने शिक्षा को देश की प्रगति का आधार माना। शिक्षा आपके लिए केवल किताबें और डिग्रियां नहीं, बल्कि वह हथियार है, जो आपको और आपके देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। जब आप पढ़ते हैं, तो आप न केवल अपने लिए, बल्कि अपने देश के लिए एक बेहतर भविष्य गढ़ते हैं। हर किताब, हर पाठ, और हर सवाल आपको इस देश का जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा देता है। अपनी शिक्षा को गंभीरता से लें, क्योंकि यह आपकी और देश की दिशा तय करती है।

**युवाः देश का धड़कता दिल :** युवा किसी भी देश का सबसे बड़ा खजाना होते हैं। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे युवाओं ने अपनी जान की परवाह किए बिना देश को आजाद कराने का बीड़ा उठाया। आज का युवा, यानी आप, इस देश का धड़कता दिल हैं। आपकी ऊर्जा, आपके सपने, और आपका जुनून भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। आपके पास वह शक्ति है, जो दुनिया बदल सकती है। आपका हर कदम, हर फैसला, और हर मेहनत इस देश को प्रभावित करती है। स्वतंत्रता दिवस आपको यह याद दिलाता है कि आप केवल एक छात्र नहीं, बल्कि इस देश के भविष्य के निर्माता हैं। अपने सपनों को बड़ा रखें, अपने लक्ष्यों के लिए मेहनत करें, और कभी हार न मानें। आपका एक छोटा-सा प्रयास भी देश को गर्व का मौका दे सकता है।

## जीवन में चुनौतियां आएंगी

स्वतंत्रता की लड़ाई आसान नहीं थी। यह अनगिनत बलिदानों, दर्द और दृढ़ संकल्प की कहानी है। रानी लक्ष्मीबाई की तलवार, गांधीजी की अहिंसा, और सुभाष चंद्र बोस की हुंकार हर कहानी हमें साहस और हिम्मत की प्रेरणा देती है। जीवन में चुनौतियां आएंगी, असफलताएं आएंगी, लेकिन स्वतंत्रता सेनानियों की तरह आपको कभी हार नहीं माननी। हर बार जब आप गिरें, और मजबूती से उठें। आपके भीतर वह साहस है, जो पहाड़ों को हिला सकता है। अपने डर को पीछे छोड़ें और अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ें।

**एकता और भाईचारा :** स्वतंत्रता संग्राम में हर धर्म, जाति, और क्षेत्र के लोग एक साथ आए। यह एकता ही थी, जिसने हमें आजादी दिलाई। आज भी, हमारा देश अपनी विविधता में एकता के लिए जाना जाता है। अपने दोस्तों, सहपाठियों और समाज के हर व्यक्ति का सम्मान करें। एक-दूसरे की मदद करें, एक-दूसरे को प्रेरित करें। जब आप एकजुट होंगे, तो कोई भी मुश्किल आपको रोक नहीं पाएगी। यह देश तभी मजबूत होगा, जब हम सब एक-दूसरे का साथ देंगे।

**जिम्मेदारी का एहसास :** स्वतंत्रता का मतलब सिर्फ आजादी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। हमारे वीरों ने हमें यह आजादी इसलिए दी ताकि हम अपने देश को दुनिया में सबसे ऊंचा स्थान दिलाएं। आप इस देश के भविष्य हैं। छोटी-छोटी चीजों से शुरुआत करें। अपने स्कूल को स्वच्छ रखें, पर्यावरण की रक्षा करें, और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** साबुन के पतले झाग में चमकदार रंगो का बनना किस परिघटना का परिणाम है
(ए) भूलीं परावर्तन और व्यतिकरण
(बी) बहुलित अपवर्तन और परिक्षेपण
(सी) अपवर्तन और परिक्षेपण
(डी) ध्रुवण और व्यक्तिकरण

**2.** वाहन पीछे से आने वाली वस्तुओं को देखने के लिए किसका प्रयोग करते हैं ?
(ए) उत्तल लेंस
(बी) अवतल लेंस
(सी) उत्तल दर्पण
(डी) अवतल दर्पण

**3.** निम्न में से क्या वायुमण्डलीय अपवर्तन का परिणाम नही है
(ए) सूर्य का अपने वास्तविक उदय से दो या तीन मिनट पहले दिखाई पड़ना
(बी) सूर्य का सूर्यास्त के समय लाल दिखाई देना
(सी) रात के समय तारों का टिमटिमाना
(डी) सूर्य का आकाश में अपनी वास्तविक ऊंचाई से ज्यादा ऊंचाई पर दिखाना

**4.** रोगियों के दांत देखने में दन्त चिकित्सकों द्वारा प्रयुक्त दर्पण होता है -
(ए) उत्तल
(बी) अवतल
(सी) समतल
(डी) इनमे से कोई नहीं

**5.** वाहनों के अग्रदीपों में किस प्रकार का दर्पण का इस्तेमाल होता है
(ए) समतल दर्पण
(बी) उत्तल दर्पण
(सी) अवतल दर्पण
(डी) परवलयिक दर्पण

**6.** दाढ़ी बनाने के लिए काम में लेते है
(ए) अवतल दर्पण
(बी) समतल दर्पण
(सी) उत्तल दर्पण
(डी) इनमे से कोई नही

उत्तर 1.(ए) 2.(सी) 3.(बी) 4.(बी) 5.(डी) 6.(ए)

## खबर संक्षेप

### गणेश की पूजाकर की सुख समृद्धि की कामना

**चरखी दादरी।** नगर के अलग अलग जगहों व मंदिरों में इन दिनों गणेश उत्सव की धूम है। सभी गणपति बप्पा के रंग में रंगे नजर आ रहे है। इसी कड़ी में काठमंडी सैनीपुरा स्थित श्रीश्याम हनुमान मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।.रीश्याम हनुमान मंदिर समिति तथा बाल गणेश मंडल के सहयोग से आयोजित गणेश उत्सव में दूसरे दिन बच्चों के बीच नृत्य प्रतियोगिता हुई।

### सरकार आठवें वेतन आयोग का करें गठन : विकास

**भिवानी।** शुक्रवार को अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर जायज मांगों को लेकर पटवारघर में विरोध गेट मीटिंग हुई। दी रेवन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के राज्य उपप्रधान विकास राठी ने बताया कि सरकार आठवें वेतन आयोग का गठन करें और समान काम के लिए समान वेतन लागू करने की मांग की।

### किसानों के धरने को कांग्रेस ने दिया समर्थन

**बाढ़ड़ा।** खरीफ फसल के लंबित मुआवजे के लिए संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर के नीचे चल रहे धरने को कांग्रेस नेताओं ने समर्थन दिया। किसानों ने सरकार द्वारा सुनवाई न करने पर रोष प्रकट करते हुए जल्द ही बड़ा आंदोलन शुरु करने का फैसला लिया। कस्बे की अनाजमंडी परिसर में कमलसिंह हडौदा व ओमप्रकास चरखी की अध्यक्षता में संचालित धरने को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोमवीर श्योराण ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों, बेरोजगारों के हितों से खिलवाड़ कर रही है।

### स्वामी विवेकानंद के विचारों को धारण करें युवा पीढ़ी

**भिवानी।** राजकीय महिला महाविद्यालय खरकवलां की विवेकानंद प्रकोष्ठ के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद के जीवन पर व्याख्यान दिया, जिसमें स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट से पधारे दशरथ चौहान सहप्रांत संचालक, कृष्ण सहविभाग प्रमुख, लाल बहादुर विभाग प्रमुख निमित शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन स्वामीजी के भाषण अवसर पर छात्रों को स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में धारण कर आज की वह पीढ़ी अपने जीवन को सफल बना सकती है।

### धार्मिक प्रवृत्ति के इंसान थे तेजपाल : विधायक सर्राफ

**भिवानी।** स्व.तेजपाल सिंह ने हमेशा जीवन में जरूरतमंदों की मदद की। इसके साथ साथ वे धार्मिक प्रवृत्ति के थे। उन द्वारा समाज में किए गए कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। वे आज सेक्टर 23 स्थित शारीरिक शिक्षक विनोद पींकू व सीआईडी इस्पेक्टर सुनील कुमार के आवास पर पहुंचकर स्व. तेजपाल सिंह तिगड़ानियां को श्रद्धासुमन अर्पित की।

---

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 के तहत राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# राजीव गांधी राजकीय महिला कॉलेज में छात्राओं को आसपास स्वच्छता रखने की शपथ दिलवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 के तहत राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वच्छता शपथ, भाषण, जागरूकता रैली के साथ-साथ स्वास्थ्य और सजग नागरिक विषय पर विस्तार व्याख्यान आदि का आयोजन हुआ। जिला परिषद सीईओ अजय चोपड़ा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिकरत की।

युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को लेकर शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न जागरूकता व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राजीव गांधी राजकीय महिला कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्राओं को संबोधित करते हुए सीईओ अजय चोपड़ा ने कहा कि स्वच्छता को दिनचर्या की हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से अपने घर, आस-पास परिवेश और कॉलेज परिसर को साफ-सुथरा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण का राष्ट्र की उन्नति में अहम योगदान होता है। उन्होंने छात्राओं से सरकार द्वारा शुरू किए गए अभियान में अपना योगदान देने का आह्वान किया।





**भिवानी।** छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए। कॉलेज परिसर में सफाई अभियान चलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान मीडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार, प्रो. ईशा चौधरी, डॉ. परमानंद, डॉ. राजेश कुमार, प्रो. अनीता शर्मा, प्रो. नरेंद्र कुमार, कैप्टन सविता, एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी प्रो. मंजु व डॉ. रेणु बाला, डॉ. नवनीत ढांडा, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. मोनिका, यूथ रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. ज्योति आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर नगर परिषद प्रांगण में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। ईओ राजा राम ने नगर परिषद कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई। उन्होंने कर्मचारियों को कहा कि वे स्वच्छता अभियान में पूरी निष्ठा व लग्न से अपना योगदान दें।

#### !मानसिक स्वच्छता पर भी ध्यान दें

प्राचार्य प्रो. त्रिलोकचंद ने अतिथियों, छात्राओं व विभागीय सदस्यों का अभिनंदन करते हुए स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता उत्तम स्वास्थ्य, स्वस्थ पहचान और पूर्ण विकास का आधार होती है। हमें पर्यावरण, शारीरिक स्वच्छता के साथ मानसिक स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए। मंच संचालन प्रो.भामा अग्रवाल ने किया। प्रो. भीष्म नारायण, स्वच्छ भारत मिशन के इंचार्ज सन्नी शर्मा, आइइसी एक्सपर्ट गायत्री ने भी अपने विचार प्रकट किए।

---

आस्था स्पेशल स्कूल में दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरित समारोह का आयोजन

# दिव्यांगजनों को भेंट की मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल और अन्य उपकरण

दिव्यांगों को ऐसे सहायता उपकरण प्रदान करना सच्ची सेवा: विधायक घनश्यामदास सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल भेंट करते अतिथि।

सिटी स्टेशन स्थित आस्था स्पेशल स्कूल में शुक्रवार को जिलेभर के चयनित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण किए। शिविर में 112 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, सीपी चेयर, वॉकर, कानों की मशीन, बौद्धिक अक्षम बच्चों को टीएलएम किट व नेत्रहीनों को एजुकेशनल किट वितरित की।

शिविर में जहरगिरी आश्रम के पीठाधीश्वर श्रीमहंत डॉक्टर अशोक गिरी का विशेष सानिध्य रहा और बतौर मुख्यतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ, पूर्व राज्य आयुक्त दिव्यांगजन राजकुमार मक्कड़, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति डॉ. धर्मवीर ढिल्लो, विशिष्ट अतिथि जीडी गोयंका स्कूल के निदेशक सतीश वेद, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष प्रदीप बंसल, जजपा के वरिष्ठ सदस्य विजय गोठड़ा, दीपक लछीरामका, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश शर्मा, सेवानिवृत्ति प्राचार्या अनु मेहता ने शिरकत की और दिव्यांगजनों को आशीर्वाद दिया। श्रीमहंत अशोक गिरी ने बताया कि आस्था की ऊर्जा वास्तव में दिव्यांगजनों के प्रति विशेष आस्था है और ये जुनूनी व्यक्ति ही कर सकता है, जो वास्तव में विशेष ऊर्जा प्रदान की है।

विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने बताया कि दिव्यांगों को ऐसी सहायता उपकरण प्रदान करना सच्ची सेवा है और हम ऐसी संस्थाओं में समय-समय पर दंपति को प्रोत्साहित करना चाहिए, जो दिव्यांगजनों में ऊर्जा भरने का काम कर रहे हैं। पूर्व राज्य आयुक्त दिव्यांगजन राजकुमार मक्कड़ ने इस कार्य के लिए संस्था की सहराना की।

उन्होंने कहा कि जुनून दंपति की अनोखी सोच को हम नमन करते हैं, जो इन दिव्यांगजनों को आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का काम कर रहे हैं। डॉ. धर्मवीर ढिल्लो ने बताया कि ऐसे आयोजनों से हम परमात्मा के निकट महसूस करते हैं, जिनको आवश्यकता है और उस आवश्यकता को समय अनुसार करमबद्ध तरीके से पूर्ति की जाए तो बहुत अधिक सुकून मिलता है, जो आस्था स्पेशल स्कूल में यथार्थ रूप से देखने को मिलता है।

संस्था के संस्थापक विजय शर्मा व प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने बताया कि शिविर में मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, सीपी चेयर, वॉकर, कानों की मशीन, बौद्धिक अक्षम बच्चों के लिए टीएलएम किट व नेत्रहीनों को एजुकेशनल किट वितरित कर 112 दिव्यांगजनों को लाभ पहुंचाया।

#### सामाजिक पुनर्वास पर दिया जोर

कार्यक्रम में मंच संचालन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. तरुण कुलश्रेष्ठ ने किया और बताया कि ग्रामीण आंचल के दिव्यांगों को सहायक उपकरण देने में प्राथमिकता व उनका शारीरिक सामाजिक पुनर्वास पर जोर दिया। प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में एडवोकेट सुनील पंवार, घनश्याम मिढ़ा, सुखबीर, एल्मिको भारत सरकार की टीम से डॉ. प्रिया, संदीप ऑडियोलॉजिस्ट, सूरज सहित विभिन्न क्षेत्रों के दिव्यांगजन एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

---



भिवानी। रात को सफाई का निरीक्षण करते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

## डीसी ने रात को लिया सफाई और पानी निकासी के कार्य का जायजा

- हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शहर में चल रहा युद्ध स्तर पर सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने वीरवार देर रात को शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 के तहत करवाए जा रहे सफाई कार्य और पानी निकासी को दुरुस्त करने के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने भिवानी को गंदगी से मुक्त बनाने को लेकर उनके साथ मौजूद विभिन्न अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश अनुसार हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 चलाया जा रहा है, जिसके तहत भिवानी में युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चल रहा है। डीसी साहिल गुप्ता द्वारा प्रत्येक वार्डों में अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

#### कचरा प्वाइंटों पर गंदगी दिखाई न दें

डीसी ने सर्कुलर रोड पर कृष्णा कॉलोनी मोड का जायजा लिया और वाहनों से बनने वाली भीड़ से लोगों को निजात दिलाने को कहा। इस दौरान डीसी ने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था नियमित रूप से दुरुस्त होनी चाहिए। कचरा प्वाइंटों पर कहीं भी गंदगी नजर नहीं आनी चाहिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जहां भी पानी की निकासी अवरूद्घ है, उसको दुरुस्त किया जाए।

---



**भिवानी।** भंडारे में लोगों में प्रसाद वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सभी वर्गों को साथ लाकर सामाजिक एकता का संदेश देते धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

तेलीवाड़ा स्थित जमनानाई साई मंदिर में शुक्रवार को 69वां वार्षिकोत्सव (मेला भादो पष्ठी) का आयोजन जय शिव सेवा समिति भिवानी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन अमरनाथ श्री हरिमंदिर फर्रूखनगर से डा. स्वामी उमानंद के सान्निध्य में किया गया। इस दौरान ध्वजारोहण एवं सिद्ध समाज का पूजन जितेंद्र अरोड़ा, मनोहर रेडियो द्वारा किया गया। इसके उपरांत यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य यजमान डा. विवेक मुंजाल, डा. ज्योत्साना मुंजाल रहे। इस दौरान बतौर मुख्यअतिथि रमेश जुनेजा घी वाले ने शिरकत की। इसके बाद दोपहर को भंडारे का आयोजन किया गया तथा सांय साढ़े 5 बजे ज्योत यात्रा एवं विसर्जन चंद्र प्रकाश कक्कड़ द्वारा भी किया गया। इस मौके पर देवराज महता, हंसराज महता व मयंक महता ने बताया कि उन्होंने बताया कि जमनानाई साई मंदिर में वार्षिकोत्सव पर हर वर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है।

---

## भाषण प्रतियोगिता में खुशी रही अव्वल

- खंड स्तरीय हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिता में छाई पीएम श्री की छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा खंड स्तरीय हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिता में अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिता में बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। 6 से 8 कक्षा वर्ग तथा 9 से 12 कक्षा वर्ग में प्रत्येक प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम हर वर्ष की भांति ऊंचा किया है। जैसा कि पहले भी जिला स्तरीय परिणाम आए हैं विद्यालय की छात्रा खुशी जिला स्तर पर लगातार 3 वर्ष से भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रही है परन्तु इस बार खंड स्तर पर द्वितीय स्थान पर आई। व्याकरण प्रतियोगिता में खुशी पुत्री सुनील कुमार 9 से 12 वर्ग में प्रथम स्थान पर रही ।काफी पुत्री विनोद कुमार इसी वर्ग में निबंध लेखन में प्रथम रही।काजल पुत्री मोहर सिंह 9 से 12 वर्ग में नारा लेखन में खंड स्तर पर प्रथम रही। कक्षा 6 से 8 वर्ग में कविता पाठ में वैशाली, चित्र देखकर कहानी लिखना में मनीषा, निबंध लेखन में हिमांशी, कहानी लेखन में अंजलि, व्याकरण प्रतियोगिता में सोनिया विद्यालय की सभी छात्राएं प्रथम स्थान पर रही। कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य आनंद शर्मा ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं को तराशने व तैयारी करवाने का श्रेय विद्यालय के मेहनती व कर्मठ शिक्षक कमलजीत कपुरिया व अध्यापिका कमलेश शर्मा सहित समूचे स्टाफ को जाता है। उन्होंने विद्यालय स्टाफ व छात्राओं को बधाई दी।



**बवानीखेड़ा।** खंड स्तरीय प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की टीम के साथ अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

---

## गांव उमरावत में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव की धूम दूसरे दिन भी रही जारी



- वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन किया राजा वीर विक्रमादित्य के सांग का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा कला परिषद के सौजन्य से और बाबा मुखराम दास सेवा सोसाइटी के सहयोग से गांव उमरावत में तीन दिवसीय 12वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसका समापन 20 अगस्त को होगा।

सोसाइटी के प्रधान जितेंद्र कौशिक ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य हरियाणवी संस्कृति और लोक कला को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि महोत्सव की शुरुआत 28 अगस्त को प्रसिद्ध सांगी वेद अत्री के कार्यक्रमों से हुई थी, जिन्होंने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह लिया। दूसरे दिन भी वेद अत्री ने अपने शानदार सांग राजा वीर विक्रमादित्य का विमोचन किया। इस अवसर पर दूर-दूर से आए श्रोताओं ने उनकी कला की खूब सराहना की और हरियाणवी संस्कृति में सराबोर हो गए। सरपंच सुधीर शर्मा, थानेदार जय प्रकाश धारेडु और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पगड़ी और माला पहनाकर सांगी का सम्मान किया।

---

## दवा खिलाने नहीं बल्कि दवा छुड़ाने के पक्षधर : लोकेंद्र

**तोशाम।** भाजपा नेता एवं समाजसेवी अनिल शर्मा के तोशाम निवास स्थान पर आयोजित सात दिवसीय चिकित्सा एवं ध्यान शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को आचार्य लोकेंद्र ने अनेक मरीजों का विभिन्न पद्धतियों से उपचार किया। इस दौरान मौजूद मरीजों को उपचार के पश्चात काफी राहत मिली। उल्लेखनीय है कि गत 28 अगस्त गुरुवार से 4 सितंबर तक तोशाम के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं भाजपा नेता अनिल शर्मा के तोशाम गुलशन नगर में स्थित निवास स्थान पर आमजन को स्वास्थ्य लाभ देने हेतु आरवीएस संस्थान ऋषिकेश के अंतर्गत चिकित्सा एवं ध्यान शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, एडी दर्द, कंधे के दर्द व जकड़न और नसो की रुकावट का विभिन्न पद्धतियों से 100 प्रतिशत सफल उपचार किया जा रहा है।

शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को अनेक लोगों ने शिविर में पहुंचकर विभिन्न पद्धतियों से आचार्य लोकेंद्र तथा गोविंद से अपना उपचार करवाया जिससे उन्हें काफी राहत मिली। इस दौरान शिविर में पहुंची तोशाम निवासी बुजुर्ग महिला कलावती ने बताया कि उसे सर्वाइकल की दिक्कत थी लेकिन उसने शिविर में आकर दो दिन उपचार करवाया है जिससे उसे काफी राहत मिली है। इस दौरान मौजूद आचार्य लोकेंद्र ने बताया कि यह शिविर आगामी 4 सितंबर तक जारी रहेगा।

---

भेदभावपूर्ण नीतियों के विरोध को लेकर रोडमैप तैयार: सत्यवीर

# कर्मचारी सात को करेंगे मास डेपुटेशन प्रदर्शन

- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के कर्मचारी संगठन की बैठक का आयोजन
- प्रधान सत्यवीर सिंह स्वामी ने की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के कर्मचारी संगठन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी की बैठक बोर्ड कैंपस स्थित संगठन कार्यालय में हुई।

बैठक की अध्यक्षता प्रधान सत्यवीर सिंह स्वामी ने की तथा मंच संचालन महासचिव सोमवीर सिंह पुनिया ने किया। बैठक में बोर्ड संस्था के भविष्य को लेकर विभिन्न मुद्दों पर गहनता से चर्चा की। इस दौरान प्रधान सत्यवीर स्वामी ने मुख्य तौर पर हरियाणा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त विभिन्न राजकीय विद्यालयों को केंद्र सरकार द्वारा मॉडल संस्कृति स्कूल व पीएमश्री योजनाओं के नाम पर सीबीएसई बोर्ड से संबद्धता दिए जाने पर चिंता व्यक्त की और केंद्र सरकार की भेदभाव वाली नीतियों का विरोध करने को लेकर रोडमैप तैयार किया।

उन्होंने 8वें वेतन आयोग का गठन, पुरानी पेंशन बहाली, खाली पदों पर शीघ्र पदोन्नतियां, निजीकरण पर रोक लगाने आदि कर्मचारी हितकर नीतियों को लेकर चर्चा की व कर्मचारियों के साथ किए जा रहे सौतेले व्यवहार को लेकर रोष जताया। बैठक में महासचिव सोमवीर पुनिया ने बताया कि हरियाणा शिक्षा विभाग तालमेल कमेटी के आह्वान पर सात सितंबर को शिक्षामंत्री कैंप ऑफिस पानीपत में शिक्षा बोर्ड, स्कूल व सार्वजनिक रोजगार बचाओ के लिए मास डेपुटेशन रोष प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में बोर्ड कार्यालय की तरफ से भारी संख्या में बोर्ड कर्मचारियों द्वारा भाग लेने का फैसला लिया।




**भिवानी।** शिक्षा बोर्ड परिसर में विरोध जताते हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के कर्मचारी संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### आंदोलन की जिम्मेदार सरकार होगी

उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार कर्मचारियों के साथ सकारात्मक रवैया नहीं अपनाती तो आने वाले समय में शिक्षा बोर्ड का एक-एक कर्मचारी मजबूरन आंदोलन की राह पर होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेवारी सरकार व बोर्ड प्रशासन की होगी। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ उपप्रधान देवेंद्र, भारतदीप, जोगेंद्र, अशोक पिलानिया, अशोक लांबा, अंजू बाला, कुलदीप, सत्येंद्र, संदीप शर्मा, संदीप जांगड़ा, अमनदीप, अरूण, अनुप खेदड़ आदि मौजूद रहे।

---

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत संगोष्ठी और पौधरोपण कार्यक्रम

**भिवानी।** चौधरी बंसी लाल सरकार पॉलिटेक्निक, भिवानी में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ममता, रोहित और कॉलेज के छात्रों भागवती, तनु, खुशी, अनूप, हिमांशु, चेतना, खुशबू, सुदीप, पल्लवी ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने नशे के दुष्प्रभावों पर एक संगोष्ठी आयोजित की, जिसमें उन्होंने नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए अपने विचार साझा किए। इसके साथ ही, छात्रों ने कॉलेज परिसर में विभिन्न पौधों का रोपण किया और उन्हें गमलों में लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया।

छात्रों ने नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा की और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम ने छात्रों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के आयोजन में एनसीसी कैडेट्स और कॉलेज के छात्रों का सहयोग सराहनीय रहा।

**बेदखली सूचना**

मैं, विकास पुत्र श्री बेगराज निवासी गांव उमरावत तहसील व जिला भिवानी बयान करता हूँ मेरा पुत्र आदित्य मेरे कहने-सुनने से बाहर है इसलिए मैं मेरे पुत्र आदित्य को अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इससे लेन-देंन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# बीडी गुप्ता ने सम्पूर्ण जीवन समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए किया समर्पित

## पूर्व मुख्यमन्त्री की पुण्यतिथि पर हवन के साथ उनके समाधि स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित ⏭ शिक्षा जीवन का आधार : अजय गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शिक्षा जीवन का आधार है। शिक्षा से ही समाज और देश का विकास संभव है इसी बात को ध्यान में रखते हुए स्व.बाबू जी बनारसी दास गुप्त ने अपना सारा जीवन शिक्षा के विस्तार एवं सदैव सर्वजातीय वर्ग के लोगों को साथ लेकर आम जन मानस की भलाई के लिए लगा दिया।

यह बात बीडी गुप्ता फाउण्डेशन के अध्यक्ष एवं स्व. बीडी गुप्ता के सुपुत्र अजय गुप्ता ने पुर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसीदास गुप्त की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर हांसी रोड़ स्थित बीडी गुप्त पार्क में आयोजित हवन यज्ञ के अवसर पर स्व. बनारसीदास गुप्ता के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित करतें हुए कहे। इस दौरान शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों के भी अनेक लोग उपस्थित थे। विधायक घनश्याम सर्राफ ने बाबू बनारसी दास गुप्त को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबू जी ने सदैव नारी शिक्षा पर बल देते हुए प्रदेश भर में शिक्षा को स्थपित करने के लिए कार्य किए उनका मानना था कि कोई भी देश तभी प्रगति कर सकता है जबकि उस देश का हर नागरिक शिक्षित हो। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने शिक्षा रूपी मिशन को आगे बढ़ाने का कार्य किया। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरतन गुप्ता ने बाबू जी को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबू जी ने सदैव समाजहित के कार्य करते हुए शिक्षा की लो जलाते हुए क्षेत्र में अनेकों शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की जो आज वट वृक्ष बनकर शिक्षा के बलबूते पर युवा वर्ग को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के महासचिव अशोक बुवानी वाला ने बाबू को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों के विचार आज भी प्रासंगिक है स्व.बाबू बनारसी दास गुप्ता सदैव समाज के प्रेरक रहें। बाबू बनारसी दास गुप्ता ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित किया। वे हमेशा जनता की समस्याओं को अपनी प्राथमिकता मानते थे और साधारण नागरिकों की आवाज़ बनकर खड़े रहते थे। उनका सरल स्वभाव, ईमानदारी और समाज के प्रति समर्पण हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। हम सभी को उनके आदर्शों पर चलकर जनकल्याण के कार्यों में योगदान देना चाहिए। यह बात वैश्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा बाबू बनारसी दास गुप्ता विषय पर आयोजित विस्तृत व्याख्यान को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय, भिवानी के प्राचार्य प्रो. राजकुमार भारद्वाज ने कही।




**भिवानी।** पूर्व सीएम बीडी गुप्ता की पुण्यतिथि पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पौधा देकर सम्मानित करते हुए व बीडी गुप्ता पार्क में पूर्व सीएम स्व.बीडी गुप्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### उनकी यादें जहन में जीवंत रहेंगी

वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने कहा कि बाबू बनारसी दास बेशक स्वर्ग में विराजमान हैं लेकिन भावनात्मक रूप से भी वो आज हमसे जुड़े हुए हैं। उनकी यादें हमारे जहन में हमेशा जीवंत रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारे पुरोधाओं बाबू बनारसी दास गुप्ता, के पी गुप्ता, लाला भगीरथमल एवं समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों ने जिस परिकल्पना से शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की थी उसी के अनुरुप वे शिक्षा,समाजसेवा एवं अन्य शिक्षेतर गतिविधियों में नित नए आयाम स्थापित कर रही हैं। ट्रस्टी विजय किशन अग्रवाल,स्व.बनारसी दास गुप्त के पौत्र प्रियांश, शिक्षाविद् केसी वर्मा ने भी बाबू जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के पश्चात महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद् के सी वर्मा के सहयोग से महाविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

---

## खबर संक्षेप



### हॉकी के जादूगर थे मेजर ध्यानचंद : वशिष्ठ

**चरखी दादरी।** गांव आदमपुर डाढी स्थित आर्यावर्त विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के मध्य अलग अलग खेलों का आयोजन किया। स्कूल के प्राचार्य विक्रांत वशिष्ठ ने बताया कि मेजर ध्यानचंद हॉकी के जादूगर थे ।

### विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांचकर परामर्श दिया

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार के आदेशों की अनुपालना में गांव जेवली राजकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए एक दिवसीय विशेष हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया तथा अध्यक्षता मुख्याध्यापक आंनद शर्मा ने की। जांच के लिए सीएचसी गोपी के चिकित्सकों व सहायकों की टीम पहुंची।

### खेलों में अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**बवानीखेड़ा।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में आज राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### सज्जनपुर में मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

**बवानीखेड़ा।** आयुष विभाग सरकार, हरियाणा योग आयोग व जिला आयुर्वेद अधिकारी आयुष विभाग, योग समन्वयक डॉ संजय वैद भिवानी के सानिध्य में गांव सज्जनपुर की व्यायामशाला में राजकीय उच्च विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय व खिलाड़ियों के साथ मिलकर हाकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद की स्मृतियों को जीवंत रखते हुए खेल दिवस मनाया।

---

## भीम खेल परिसर में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता शुरू

# खेलों से हमारे जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना होती है प्रबल : सर्राफ

मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भीम खेल परिसर में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित हुई। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक घनश्याम सर्राफ ने किया। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए विधायक श्री सर्राफ ने कहा कि सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद खिलाड़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेंगे। खेलों से जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना प्रबल होती है। खेलों में हार से निराश नही होना चाहिए बल्कि जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खिलाडिय़ों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। इस मौके पर एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ कोई न कोई एक खेल को जरूर अपनाना चाहिए। खेलों से हमारा स्वास्थ्य ठीक रहता है, जो बहुत जरूरी है। जीवन में वही लोग तरक्की करते हैं जो स्वस्थ होते हैं। प्रतियोगिता के दौरान हॉकी और कबड्डी के मैच करवाए गए। दोनों खेलों में खिलाडिय़ों में पूरा दमखम लगाया। जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार ने खेल प्रतियोगिताओं के बार में विस्तार से जानकारी दी और मुख्य अतिथि तथा अन्य मेहमानों का स्वागत किया। इस दौरान खिलाडिय़ों को खेल भावना की शपथ भी दिलाई गई।



**भिवानी।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भीम खेल परिसर में खेल प्रतियोगिता से पहले खिलाड़ियों के साथ विधायक घनश्याम सर्राफ। फोटो : हरिभूमि

### भिवानी ए शूट आऊट स्कोर में विजयी

खेल प्रतियोगिताओं में पुरुष हॉकी में भिवानी बी और भिवानी ए बीच हुए मैच में भिवानी ए शूट आऊट स्कोर में चार-तीन से विजय हासिल की। महिला हॉकी में भिवानी और खरक के बीच मैच एक-एक गोल से बराबरी पर छूटा। ओल्ड सीनियर खिलाड़ी और आर्मी हिसाब के बीच हुए मैच में ओल्ड सीनियर खिलाडियों ने यह मैच तीन-दो से जीता। इसी प्रकार कबड्डी में भीम स्टेडियम टीम और मिताथल के बीच हुआ है, जिसमें भीम स्टेडियम की टीम 48-30 से जीता। कलिंगा और धनाना के बीच हुए मुकाबले में धनाना ने 33-37 स्कोर से जीत हासिल की। इस दौरान नगराधीश अनिल कुमार, उप खेल निदेशक सतबीर सिंह, खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई। खेल प्रतियोगिता रविवार तक चलेगी। इस दौरान खेल प्रशिक्षक और विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ी व खेल प्रशंसक मौजूद रहे।

---

## मेजर ध्यानचंद की जयंती पर चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

सीबीएलयू में चार पुरुष व चार महिला टीमों ने दिखाए अपनी प्रतिभा के जौहर

**भिवानी।** चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया।

यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग और क्रीड़ा भारती भिवानी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीन स्पोर्ट्स साइंसेज प्रो. सुरेश कुमार मलिक के मार्गदर्शन और विभागाध्यक्ष डा. लक्खा सिंह द्वारा किया गया। इसमें योग और शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। कार्यक्रम में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें चार पुरुष टीमें और चार महिला टीमें शामिल रही, जिन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा के जौहर दिखाए। डा. लक्खा सिंह ने मेजर ध्यानचंद के जीवन और भारतीय खेलों में उनके अमूल्य योगदान के बारे में बताया।



**भिवानी।** हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती अवसर पर एकत्रित खिलाड़ी।

## लड़कों की कोण रेस में लांसर हाउस प्रथम

सरस्वती विद्या विहार विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया

**भिवानी।** आसलवास दुबिया स्थित सरस्वती विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बड़े हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, रस्साकशी तथा अन्य खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताएँ हाउस वाइज आयोजित की गईं, जिससे विद्यार्थियों में टीम भावना और खेल के प्रति जोश और जागरूकता का संचार हुआ। लड़कों की कोण रेस में प्रथम स्थान लांसर हाउस ( चिराग, आयुष, पुनीत और रौनक) द्वितीय स्थान हरक्यूलस हाउस ( जतिन, अर्जुन, रिंकेश ,जतिन) ने प्राप्त किया। लड़कियों की कोण रेस में टाइटन हाउस प्रथम स्थान ( सानवी, रिंकू ,जागृति व मानसी) ने प्राप्त किया। कोण ड्रॉप में प्रथम स्थान टाइटन हाउस (देवांश ,नवीन ,राजन, देवेंद्र) ने प्राप्त किया। पास्ता ड्रॉप गेम में प्रथम स्थान हरक्यूलस हाउस ( हर्षा, वंशिका,दिव्या व गीतांशी) ने प्राप्त किया।

विद्यालय के चेयरमैन राजवीर सिंह ने कहा कि "खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वास्थ्य से भरने का एक महत्वपूर्ण मार्ग है।



**भिवानी।** खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

---

मार्केट न्यूज

### एमके हॉस्पिटल द्वारा बस स्टैंड, भिवानी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन

**भिवानी।** (शुक्रवार) को एमके हॉस्पिटल, भिवानी द्वारा आज हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के सहयोग से स्थानीय बस स्टैंड परिसर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य परिवहन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और नियमित जांच की सुविधा उपलब्ध कराना रहा। शिविर का उद्घाटन राज्य परिवहन भिवानी के महाप्रबंधक (जीएम) श्री दीपक कुण्डू द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने इस अवसर पर एमके हॉस्पिटल की सामाजिक सेवा की सराहना करते हुए कहा, "ऐसे शिविर जनकल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एमके हॉस्पिटल का यह प्रयास सराहनीय है।"इस स्वास्थ्य शिविर में एमके हॉस्पिटल की अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं प्रदान की, जिनमें शामिल थे: डॉ. पीयूष जोशी (कैंसर रोग विशेषज्ञ), डॉ. पुनीत शर्मा (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. विक्रम (जनरल मेडिसिन), डॉ. विष्णुकांत शर्मा (यूरोलॉजिस्ट), डॉ. सुमित एवं डॉ. नेहा नेहरा (सहायक चिकित्सक), शिविर में 190 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और विशेषज्ञों से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया।



## अंतर्सदनीय क्लब गतिविधियां करवाईं

■ प्रतियोगिता से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भावना का विकास : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

आरईडी स्कूल, चरखी में तीसरी से दसवीं के विद्यार्थियों के लिए अंतर्सदनीय क्लब गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इसमें विद्यालय के चारों सदनों गांधी, रमन, सुभाष व टैगोर के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस शैक्षणिक प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में विभिन्न शैक्षणिक व प्रायोगिक कौशलों विकास करना था। ये गतिविधियाँ लिटरेरी, साइंटिफिक, सोशल एंड एनवायरमेंट, योगा और संगीत व कला क्लबों के द्वारा आयोजित की गईं। इनमें हिंदी और अंग्रेजी की व्याकरण प्रश्नोत्तरी, सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी, गणित व विज्ञान प्रश्नोत्तरी, कंप्यूटर आधारित प्रश्नोत्तरी, स्पेल बी, वर्किंग विदमाइक्रोस्कोप, रंगोली बनाओ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रकार की प्रतियोगिताओं में सभी सदनों के प्रतिभागियों ने अपनी दमदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



**चरखी दादरी।** अंतर्सदनीय क्लब गतिविधियों में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### प्रतियोगिता का महत्व बताया

प्राचार्य सिकंदर पूनिया ने बच्चों को इन प्रतियोगिता के महत्त्व के बारे में बताते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों का मानसिक विकास तो होता ही है साथ ही विभिन्न विषयों के प्रति अभिरुचि व कौशलों का भी विकास होता है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का समय-समय पर आयोजन छात्रों के उत्साह व ज्ञान को बढ़ाता है तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भावना का विकास होता है।

## राष्ट्र स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए 11 विद्यार्थियों का चयन

भिवानी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**भिवानी।** भिवानी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेलों जैसे बैडमिंटन, शतरंज, एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, तैराकी, लॉन टेनिस और क्रिकेट प्रदर्शनी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शनी में उन छात्रों ने भाग लिया जो ब्लॉक, ज़ोनल और जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं और इन्हीं विद्यार्थियों में से ग्यारह विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर जाने के लिए और आठ विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तर पर हुआ है । इसमें कक्षा के छठी से बारहवीं तक के लगभग 100 से अधिक बच्चों ने सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न प्रकार के खेलों में भाग लिया।

डॉक्टर कपिल शर्मा भी उपस्थित थे। निर्देशिका ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके भविष्य को सही दिशा में आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम है। छात्रों ने अपने खेल और खेलने की विधियों के बारे में विस्तार से बताया।



चयनित खिलाड़ी शिक्षक के साथ।

---

## शांतिपूर्ण व समावेशी समाजों को बढ़ावा देते हैं खेल : सिन्हा

बीआरसीएम में बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

मेजर ध्यानचंद की जयंती पर बीआरसीएम शिक्षण संस्थान बहल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जीडीसी महाविद्यालय में बीपीईएस और स्पोर्ट्स क्लब के अंतर्गत बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में संस्थान के स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने बढ़.चढक़र हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बीआरसीएम शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. एसके सिन्हा मुख्यातिथि रहे। प्रतियोगिता की शुरुआत मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके की गई। प्रतियोगिता में 42 लडक़ों और 09 लड़कियों ने भाग़ लिया।



**बहल।** मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

### जीवन का अभिन्न अंग

उन्होंने कहा कि खेल जीवन के अभिन्न अंग होते हैं। खेल स्वास्थ्य और शारीरिक तंदुरुस्ती को भी बेहतर बनाती है। उन्होंने मेजर ध्यानचंद के जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 का थीम शांतिपूर्ण और समावेशी समाजों को बढ़ावा देने के लिए खेल है। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता मदन मोहन यादव और खेल प्रभारी संदीप लाखलाण ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

**धार्मिक** — दो सितंबर को होगा कथा का समापन, 3 को होगा जलवा पूजन कार्यक्रम : महंत चरणदास

# सात दिवसीय भागवत सप्ताह कार्यक्रम के तहत कलश यात्रा से हुआ श्रीकृष्ण कथा का शुभारंभ

■ श्रीकृष्ण कथा का आध्यात्मिक, दार्शनिक और सांस्कृतिक रूप से बहुत गहरा महत्व : साध्वी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

युवा जागृति एवं जन कल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी धाम मंदिर में आयोजित करवाई जा रही सात दिवसीय भागवत सप्ताह कार्यक्रम के तहत श्रीकृष्ण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ। जिसका समापन 3 सितंबर को होगा।

कथा वाचक श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी शक्तिपुरी महाराज प्रवचन देंगी तथा भक्तों को भगवान कृष्ण की लीलाओं और भागवत कथा का महत्व समझाएंगी। इस आयोजन के सफल संचालन में श्री श्याम गुणगान मंडल भिवानी से मान सिंह यादव व सुभाष गर्ग, प्रवीण बासिया विशेष सहयोगी की भूमिका निभा रहे हैं। कलश यात्रा में मुख्य यजमान मनोज दीवान रहे। कार्यक्रम की शुरूआत कलश पूजन के साथ हुई, जो पुष्प वाटिका में आयोजित किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए बालयोगी महंत चरणदास ने बताया कि सात दिवसीय भागवत सप्ताह कार्यक्रम के तहत श्रीकृष्ण कथा का समापन दो सितंबर को होगा। इस दौरान प्रतिदिन शाम 3 बजे से 6 बजे तक श्री कृष्ण कथाहोगी।



**भिवानी।** शहर में क्लशयात्रा निकालती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### कथा का महत्व

चरणदास ने कहा कि कार्यक्रम भिवानी के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है, जो लोगों को आध्यात्मिक शांति और भक्ति का अनुभव प्रदान करेगा। वही श्रीकृष्ण कथा के पहले दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथा वाचक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी शक्तिपुरी ने श्रीकृष्ण कथा का महत्व बताते हुए कहा कि श्री कृष्ण कथा का महत्व आध्यात्मिक, दार्शनिक और सांस्कृतिक रूप से बहुत गहरा है। यह कथा न केवल एक भगवान की जीवनी है, बल्कि एक ऐसे आदर्श जीवन का सार है जो हमें हर परिस्थिति में सही मार्ग दिखाता है।

## जीवन जीने की कला सिखाती है श्रीमद्भागवत कथा : मिश्र



**भिवानी।** सिघानिया धर्मशाला स्थित कनोडिया परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा मे श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वृतांत कथावाचक आचार्य रमेश मिश्रा द्वारा किया गया। इस दौरान जैसे ही कृष्ण जन्म का व्याख्यान शुरू हुआ तो पूरा पांडाल जय हो नंद लाल की-हाथी घोड़ा पालकी से गुंजायमान हो गया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में श्रद्धालु झूमते भी दिखाई दिए। कथा का वाचन करते हुए आचार्य रमेश मिश्रा ने कहा कि कारागार में वासुदेव-देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। उन्होंने कहा कि जीवन में अच्छे व बुरे दिन प्रभु की कृपा से ही आते हैं। उन्होंने कहा कि जिस समय भगवान कृष्ण का जन्म हुआ, जेल के ताले टूट गये। पहरेदार सो गये। वासुदेव व देवकी बंधन मुक्त हो गए।